**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 05.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कमासिन पुलिस द्वारा पैदल गश्त को दौरान युवक के खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उसके स्वामी को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना क्षेत्रों में की जा रही नियमित पैदल गश्त के क्रम में आज दिनांक 05.10.2025 को थाना कमासिन पुलिस टीम को पैदल गश्त के दौरान कस्बा क्षेत्र में एक मोबाइल फोन सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से फोन को सुरक्षित कब्जे में लेकर स्वामी का पता लगाया गया । जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि थाना कमासिन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम साड़ासानी के रहने वाले संतोष कुमार पुत्र फदुआ अपना कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान उनका यह मोबाइल फोन कस्बा क्षेत्र में कहीं गिर गया था। पुलिस द्वारा फोन को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल फोन को वापस पाकर युवक ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।